लम्बरगिनी फेम सिंगर्स के नए ट्रैक में अब दिखेंगी आलिया भट्ट

आलिया भट्ट बॉलिवुड की सबसे व्यस्त ऐक्टर्स में से एक हैं। आलिया की झोली में कई मजेदार और शानदार फिल्में हैं। इसके अलावा उनके फैन्स उन्हें बहुत जल्द एक म्यूज़िक विडियो में देख सकेंगे, जिसकी शूटिंग हाल ही में मुंबई में हुई है। रिपोर्ट्स की मानें तो आलिया फेमस पंजाबी सॉन्ग लम्बरगिनी फेम दूरबीन के ट्रैक में नजर आएंगी, जिसकी शूटिंग हाल ही में मुंबई में हुई है। बताया गया है कि इस सिंगल का टाइटल प्राडा रखा गया है। कहा यह भी जा रहा है कि इस नए सॉन्ग को 5 अगस्त को रिलीज़ किया जा सकता है। रिपोर्ट्स यह भी है कि दिल्ली के ये दोनों कलाकार कुछ वीक पहले ही मुंबई पहुंचे हैं। याद दिला दें कि इसी साल के शुरुआत में आलिया भट्ट का एक विडियो भी काफी वायरल हुआ था, जिसमें वह अपनी फ्रेंड देविका आडवाणी की शादी में इसी फेमस सॉन्ग लम्बरगिनी की डांस करती नजर आ रही थीं। वर्कफ्रंट की बात करें तो आलिया बहुत जल्द करण जौहर की फिल्म तख्त में नजर आनेवाली हैं, जिसमें रणवीर सिंह लीड रोल में नजर आएंगे। इनके अलावा इस फिल्म में विकी कौशल, करीना कपूर खान, जान्हवी कपूर, भूमि पेडनेकर और अनिल कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। आलिया इस फिल्म के अलावा अपने पिता की फिल्म सड़क 2 में भी नजर आएंगी, जो पुरानी फिल्म सड़क का सीक्वल है। इस फिल्म में उनके साथ उनकी बहन पूजा भट्ट और आदित्य रॉय कपूर भी नजर आएंगे।

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

चश्मा न पहनने की वजह से एक बार जू में घुस गई थीं नरगिस फाखरी

ऐक्ट्रेस नर्गिस फाखरी की नजरें उतनी तेज नहीं लेकिन उन्हें चश्मा पहनना पसंद नहीं। उन्हें चश्मा पहनकर अनकम्फर्टेबल फील होता है। वह बताती हैं, मुझे चश्मा पहनना चाहिए लेकिन मैं कभी नहीं पहनती क्योंकि ऐसा करके मैं अनकम्फर्टेबल हो जाती हूं।

बिना चश्मे के एक बार वह मुश्किल में फंस चुकी हैं और उन्होंने इस घटना का जिक्र भी किया।

नरगिस ने बताया, एक शाम मेरी मीटिंग थी और मैं अनजाने हाईवे पर ड्राइव कर रही थी। मैं रास्ते के लिए जीपीएस का इस्तेमाल करती हूं ताकि मुझे चीजें सामने ठीक से दिख जाएं। मैंने अपना फोन ठीक से चार्ज नहीं किया था और हाइवे पर जाकर यह बंद हो गया। मुझे वहां से निकलने के लिए अपनी आंखों का ही सहारा लेना पड़ा। क्योंकि मुझे दूर से सबकुछ धुंधला दिखता है इसलिए मैं एग्जिट साइन नहीं देख पाई और जू में घुस गई। यह बात करके मुझे हंसी आती है और मैं डर भी जाती हूं।

परिणीति चोपड़ा ने शुरू की गर्ल ऑन द ट्रेन के हिंदी रीमेक की शूटिंग

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने अमेरिकन फिल्म गर्ल ऑन द ट्रेन के हिंदी रीमेक की शूटिंग शुरू कर दी है। इस अनाम फिल्म का डायरेक्शन रिभु दासगुप्ता कर रहे हैं जिन्होंने इससे पहले अमिताभ बच्चन स्टारर तीन बनाई थी।

दासगुप्ता ने ट्वीट किया, परिणीति के साथ आज ट्रेन की सवारी, जल्द ही अदिती राव हैदरी और कीर्ति कुल्हरी भी जॉइन करेंगी। बता दें, ऐक्ट्रेस एमिली ब्लंट की 2016 में आई थ्रिलर फिल्म का यह ऑफिशल रीमेक है।

परिणीति ने भी इंस्टाग्राम पर फिल्म का क्लैपबोर्ड शेयर किया। इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर को रिलायंस एंटरटेनमेंट प्रड्यूस कर रहा है। मेकर्स इसे 2020 में रिलीज करना चाह रहे हैं।

फिल्म 2015 में आई पॉला हॉकिन्स की बेस्टसेलर किताब पर बेस्ड है। फिल्म एक तलाकशुदा महिला की कहानी है जो एक लापता व्यक्ति की जांच में उलझ जाती है। हिंदी रीमेक में परिणीति नशे की लत से पीड़ित तलाकशुदा महिला के रोल में नजर आएंगी।